

# कोठडा कोटेश्वर में नवीन नर्मदा घाट निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न

निसरपुर- नर्मदा किनारे डूब से बाहर क्षेत्र में भक्तों के स्नान करने के लिए पहले सर्वसुविधायुक्त घाट के भूमिपूजन के दौरान दानदाताओं ने 12 लाख की राशि कोटेश्वर तीर्थ के समीप कोठड़ा में नवीन घाट निर्माण के लिए घोषणा की साथ ही यहां मानव सेवा के लिए आयोजित रक्तदान शिविर में भी 22 यूनिट का रक्तदान भी किया। नर्मदा किनारे कोटेश्वर तीर्थ के समीप कोठड़ा मुक्तिधाम के समीप नवीन घाट के निर्माण का भूमिपूजन मंगलवार को हलहारिणी अमावस्या के पर्व पर सद्गुरू पी पी स्वामी शास्त्री स्वामी चिंतनप्रिय दास स्वामीनारायण मंदिर बुरहानपुर कथा वाचक प प्रवीण शर्मा राधे भैय्या बढ़दा शास्त्री स्वामी केपी स्वामी पार्षद घनश्याम भगत की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ यहां पर मंचीय कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने नर्मदा किनारे इस तरह के जनसहयोग से किए जा रहे प्रकल्प को अनूठा बताया उन्होंने कहा कि आप लोग काफी सौभाग्यशाली हो जो नर्मदा किनारे हम रह रहे है और डूब के बाद जिस तरह से बेक वाटर भरने के बाद इन प्राचीन तीर्थ स्थलों के संरक्षण और नवीन घाटों के निर्माण के लिए कोटेश्वर नर्मदा बहुउद्देशीय सेवा संस्थान कार्य कर रही है वह धर्म को सेवा और आस्था के साथ जोड़ रहा है कार्यक्रम के दौरान संस्थान के अध्यक्ष मोहन भाई पाटीदार भवरिया का अतिथियों के द्वारा सम्मान भी किया गया कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कामदार ने किया और आभार श्री राम पाटीदार ने माना।

# बैंक ऑफ इंडिया बाग शाखा में नए शाखा प्रबंधक ने संभाला पदभार



बाग धारः बैंक ऑफ इंडिया की बाग शाखा में नए शाखा प्रबंधक मयूर दुबे ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने शाखा के कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हुए ग्राहकों को बेहतर एवं त्वरित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। जानकारी के अनुसार, पूर्व शाखा प्रबंधक बृजेश पांडे का स्थानांतरण होने के बाद मयूर दुबे ने बाग शाखा का कार्यभार संभाला है। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा शाखा के कार्यों की जानकारी प्रदान की। नवागत शाखा प्रबंधक मयूर दुबे ने कहा कि बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तथा ऋण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही ग्राहकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आत्मलक्षी चातुर्मास समिति गठित



नागदा जं. (मुकेश जैन)। सागर समुदायवर्तीय साध्वीश्री अर्हमव्रताश्रीजी आदि ठाणा का चार लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित पाठशाला भवन में चातुर्मास के दौरान चार माह तक धर्म की गंगा बहाएगी। श्रीसंघ में आयोजित चातुर्मास के आयोजन को सफल बनाने हेतु आत्मलक्षी चातुर्मास समिति का गठन श्रीसंघ अध्यक्ष मनीष सालेचा व्होरा एवं सचिव हर्षित नागदा के मार्गदर्शन में किया गया। समिति अध्यक्ष शरद आंचलिया, सचिव आशय गांग, कोषाध्यक्ष आशीष गुगलिया को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष आंचलिया ने समिति का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष विजय तांतेड़, भंवरलाल गांग, ऋषभ नागदा, जवाहरलाल व्होरा, सुरेन्द्र कोलन, निखिल मेहता, रवि हिंगड़, सुरेश नाहटा, आशीष चौधरी, सहसचिव भावेश बुरड़, भूपेन्द्र गेलड़ा, विभोर चौपड़ा, दिपक गांग, पवन चौरड़िया, सांस्कृतिक सचिव निर्मल छोरिया, कुशल भंसाली, भावेश शेखावत, सोनम कोलन, रेखा ओरा, स्नेहा गांग, अंजना कोठारी, शिल्पा गुगलिया, प्रचार मंत्री दिपक लोढ़ा, मंयक कोचर, गौरव शाह, जितेश गांधी, शेलेन्द्र गुप्ता, संचालक मंडल कल्पेश भंसाली, मनोज वागरेचा, अभिषेक कोलन, अमित गुगलिया, सोनव वागरेचा, आयुष बोहरा, प्रवक्ता हेमंत कांकरिया, सुनील वागरेचा, रितेश नागदा मीडिया प्रभारी डॉ. विपिन वागरेचा, ब्रजेश बोहरा, जीवनलाल जैन, सौरभ नागदा व्हाट्स प्रभारी आलोक औरा, ऋषभ वागरेचा, पंकज कुंवर, सुमित बाबेल, प्रथम भंसाली, मोहित छाजेड़ को नियुक्त किया गया। समिति में संरक्षक, संयोजक, परामर्शदाता, विशेष सलाहकार, जीवदया प्रभारी, वैयावच्च प्रभारी एवं कार्यकारणी सदस्यों की नियुक्ति की गई।

विश्व युवा कौशल दिवस पर विशेष –

# गांव-गांव पहुंच रहा कौशल का पहिया, टेक ट्रक बदल रहा विद्यार्थियों के सीखने का तरीका

नागदा जं. (मुकेश जैन)। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जब पूरे देश में युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने की बात हो रही है, तब नागदा व महिदपुर क्षेत्र के कई ग्रामीण शासकीय विद्यालयों में यह प्रयास पहले से ही धरातल पर दिखाई दे रहा है। मेरा गाँव मेरी दुनिया संस्था द्वारा संचालित टेक ट्रक (मोबाइल स्किल लैब) नियमित रूप से गांव-गांव पहुंचकर शासकीय विधालयो के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक कौशल से जोड़ रहा है। इस अनूठी पहल के तहत विद्यार्थी केवल किताबों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि स्वयं वायरिंग करना, एलईडी बल्ब बनाना एवं उसकी मरम्मत करना, सोल्डरिंग, विद्युत सुरक्षा, सोलर एनर्जी की मूलभूत जानकारी तथा विभिन्न तकनीकी गतिविधियों को अपने हाथों से सीखते हैं। यही अनुभव उन्हें आत्मविश्वास के साथ सीखने और नई तकनीकों को समझने के लिए प्रेरित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां तकनीकी संसाधनों तक पहुंच सीमित होती है, वहां यह मोबाइल स्किल लैब विद्यालयों तक आधुनिक कौशल शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों में समस्या समाधान, टीमवर्क, नवाचार और आत्मनिर्भर बनने की सोच भी विकसित हो रही है। कई विद्यार्थियों ने पहली बार इलेक्ट्रिकल टूल्स और तकनीकी उपकरणों का उपयोग इसी पहल के माध्यम से किया। विश्व युवा कौशल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भविष्य केवल डिग्री से नहीं, बल्कि कौशल से भी बनता है। महिदपुर ओर नागदा के गांवों में चल रही यह पहल इस बात का उदाहरण है कि यदि सीखने का अवसर बच्चों तक पहुंचाया जाए,



# शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ का 6 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन जारी

**धार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को अवगत कराने हेतु प्राचार्य डॉ एस एस बघेल एवं प्रशासनिक अधिकारी आइशा खान को मुख्यमंत्री मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो आनंद शर्मा व संरक्षक प्रो कैलाश त्यागी के निर्देशानुसार आज काली पट्टी बांध कर अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन जारी है महाविद्यालय के सचिव डॉक्टर हेमसिंह मंडलोई उपाध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह चौहान और कोषाध्यक्ष डॉ जे के सागोरे के नेतृत्व में प्राध्यापक संघ के बैनर तले काली पट्टी बांधकर काम करने की ठानी है संघ की प्रमुख मांगें निम्नानुसार हैं—**

बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि 21 वर्षों से समाप्त नहीं की गई परिवीक्षा अवधि नियुक्ति दिनांक से दो वर्ष की समय अवधि में समाप्त कर कैरियर उन्नयन का लाभ प्रदान किया जाए। ग्रंथपालों एवं क्रीड़ा अधिकारियों को यूजीसी अनुदान पदनाम एवं सेवा लाभ प्रदान किए जाएँ।, नियमितीकरण से वंचित सहायक प्राध्यापकों के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए।, पात्रतानुसार सहायक प्राध्यापकों एवं सह-प्राध्यापकों को पदोन्नति एवं पदनाम का लाभ दिया जाए।, सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन, वेतन निर्धारण, अर्जित अवकाश एवं अन्य लंबित देयकों का शीघ्र भुगतान किया जाए। उच्च शिक्षा विभाग की परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठकें आयोजित कर विभागीय समस्याओं का निराकरण किया जाए।, इस अवसर पर डॉक्टर डॉ निर्भय सिंह सोलंकी डॉ बीएस सिसोदिया डॉ मीरा जामोद डॉ आर एस मंडलोई डॉ जी एल बड़ोले डॉ रीना गामी डॉ अमित पाटीदार डॉ मीनाक्षी रावल डॉ आरती बोरसी डॉ सरदार जामोद डॉ सुरेश रावत डॉ रमेश जमरा डॉ रायकू जमरा डॉ महेंद्र सिंह चौहान डॉ लक्ष्मी बघेल डॉ दारा सिंह वास्केल डॉ बी एस पटेल डॉ अंतिम रावत एवं समस्त प्राध्यापक साथी उपस्थित थे

# ऐसा पाप मत बढ़ाओ कि लोग आपको देखकर मुंह मोड़े-विजयमुनिजी मसा



नागदा जं. (मुकेश जैन)। स्थानकवासी जैन श्री संघ मीडिया प्रभारी नितिन बुड़ावनवाला के अनुसार श्रमणसंघीय जैन दिवाकर संघ के प्रवर्तक विजय मुनिजी मसा ने धर्म सभा में कहा कि हमें जीवन में कौनसा मार्ग अपनाना चाहिए। हमें हमेशा कुमार्ग का त्याग करके सन्मार्ग पर चलना चाहिए। जिस इन्सान को सम्यकज्ञान की प्राप्ति हो जाती है उसे राजमार्ग मिल जाता है। संसार में सभी सुख एवं संपत्ति चाहते हैं दुख और विपत्ति कोई नहीं चाहता। पाप के उदय से कोई भी आत्मा धर्म से नहीं जुड़ती है पुण्यवान आत्मा ही धर्म से जुड़ती है। जीवन में पुण्य ऐसा बढ़ाओ कि जो भी आपसे मिले या जो भी आपको देखे उसका मन प्रसन्न हो जाए। ऐसा पाप मत बढ़ाओ कि लोग आपको देखते ही अपना मुंह मोड़ ले। आपका व्यवहार और आपकी शुभ भावना से ही प्रसन्नता आएगी। काम ऐसा करो जिससे आपका संघ समाज में नाम हो। पूज्य उपप्रवर्तक चंद्रेश मुनिजी ने कहा कि संसार की वाणी और वीतराग की वाणी में बहुत फर्क है। संसार वाणी संसार बनाती है। वीतराग वाणी संसार घटाती है। हर इंसान में विवेक का होना जरूरी है। विवेकशील व्यक्ति ही धर्म को समझता है। जो इंसान हर कार्य विवेक से करता है वो ही सफल होता है। जो इंसान सन्मार्ग पर चलता है तो कुमार्ग स्वतः ही समाप्त हो जाता है। हर इंसान को व्यापार व्यवसाय एवं अपने कार्यों में मुनाफा ही पसंद होता है घाटा नहीं। वैसे ही विवेकपूर्वक, धर्म से रहकर कमाया गया धन मुनाफा ही देता है।

# बीमार बुजुर्ग हीरालाल जी के उपचार के लिए आगे आयी नगरपालिका



नागदा जं. (मुकेश जैन)। अटल वृद्धाश्रम में वर्ष 2013 से रह रहे बुजुर्ग हीरालाल पिता नगुलालजी की अचानक तबीयत बिगड़ने पर नपाध्यक्ष श्रीमती संतोष ओपी गेहलोत के आदेश पर वृद्धाश्रम के कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल जन सेवा हॉस्पिटल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उनके पैर में संक्रमण (इन्फेक्शन) के कारण सूजन आ गई है, जिसका उपचार जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही सांसद एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत जन सेवा हॉस्पिटल पहुंचे। उनके साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा भी मौजूद रहे। दोनों ने हीरालालजी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान उन्होंने उपचार कर रहे डॉ. जितेंद्र पाल से चर्चा कर हीरालाल जी की स्वास्थ्य स्थिति एवं उपचार की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही डॉ. जितेन्द्र पाल से कहा की उपचार में किसी प्रकार की आर्थिक बाधा नहीं आने दी जायेगी आप उपचार अच्छा से अच्छा करे। साथ ही उपचार के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती रहें, इसके लिए एक कर्मचारी को देखरेख एवं समन्वय की जिम्मेदारी भी सौंपी। इस अवसर पर श्री गेहलोत ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी संस्कृति और हमारे संस्कार हमेशा इस बात की प्रेरणा देते हैं कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

# कलेक्टर ने जिले में 'दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान 2026' का शुभारंभः 2.79 लाख से अधिक बच्चों को मिलेगा स्वास्थ्य सुरक्षा कवच




धार। जिले में बाल स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और कुपोषण मुक्त बचपन के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आज कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना द्वारा 'दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान 2026' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मीना ने स्वयं जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (हृस्न्ष्ट) पहुंचकर माताओं को ओआरएस पैकेट, जिंक एवं अन्य आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। उन्होंने माताओं को मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु दवाइयों के सही उपयोग और उनकी निर्धारित मात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, उन्होंने बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें विटामिन-ए की खुराक भी दी। यह विशेष स्वास्थ्य अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक पूरे जिले में संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के 2,79,229 पात्र बच्चों के घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य दस्त, निमोनिया, कुपोषण एवं अन्य बाल्यकालीन बीमारियों से होने वाली मृत्यु दर को शून्य पर लाना है। अभियान के क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मैदानी अमले के संयुक्त दल (एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) द्वारा घर-घर जाकर बच्चों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। अभियान के दौरान कुपोषण के विरुद्ध प्रभावी प्रहार हेतु चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों (NRC) में भर्ती कराकर उनके स्वास्थ्य सुधार और वजन वृद्धि की नियमित निगरानी की जाएगी। बीमारी पाए जाने पर बच्चों को त्वरित उपचार और आवश्यकतानुसार उच्च स्वास्थ्य केंद्रों के लिए रेफरल की सुविधा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्री मीना ने स्वास्थ्य विभाग को अभियान के दौरान गुणवत्तापूर्ण भ्रमण सुनिश्चित करने तथा किसी भी पात्र बच्चे को न छोड़ने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। साथ ही, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अभियान की दैनिक मॉनिटरिंग और पोर्टल पर डेटा की समयबद्ध एंट्री करने हेतु निर्देशित किया गया है। अंत में, कलेक्टर श्री मीना ने जिले के समस्त पालकों से अपील की है कि वे दस्तक दल को बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रदान करें और इस अभियान में पूर्ण सहयोग दें, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य मिल सके।

# राजीव कॉलोनी-रेलवे स्टेशन मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग, एमजी मार्ग पर मिलेगी चक्का जाम से मुक्ति

**नागदा जं. निप्र। आगामी सिंहस्थ-2028 के दौरान संभावित यातायात दबाव एवं वर्तमान में महात्मा गांधी मार्ग पर प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद नागदा के पार्षद प्रमोदसिंह चौहान ने जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) नागदा को आवेदन देकर जन्मेजय मार्ग से राजीव कॉलोनी होते हुए रेलवे स्टेशन जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर लगाए गए लोहे के गेट को हटाने तथा कथित अतिक्रमण समाप्त कर मार्ग को आमजन के लिए पुनः खोलने की मांग की है।**

कांग्रेस पार्षदों ने पूर्व में भी की थी मांग

ज्ञापन में बताया गया कि उक्त मामले में पूर्व में भी 1 अक्टूबर 2024, 21 अक्टूबर 2024 (पार्षद दल) तथा 19 नवंबर 2024 को जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतें प्रस्तुत की गई थीं, लेकिन राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे नागरिकों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष व्याप्त है।



पार्षद चौहान ने आवेदन में उल्लेख किया कि जन्मेजय मार्ग से राजीव कॉलोनी स्थित अन्न क्षेत्र के पीछे होकर रेलवे स्टेशन तक जाने वाला मार्ग वर्षों से सार्वजनिक आवागमन का प्रमुख रास्ता रहा है। इस मार्ग का उपयोग 56 ब्लॉक, चंबल मार्ग, चंबल सागर कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, जूना नागदा सहित जावरा, खाचरौद एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले हजारों नागरिक एवं यात्री करते रहे हैं। आरोप है कि इस सार्वजनिक मार्ग पर लोहे का गेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए अधिकांश लोगों को महात्मा गांधी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है, जो शहर का सबसे व्यस्त एवं संकरा बाजार क्षेत्र है। यहां आमने-सामने वाहन आने पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार जाम के कारण यात्रियों की ट्रेनें तक छूट जाती हैं तथा व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को भी अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में आगामी सिंहस्थ-2028 का विशेष उल्लेख करते हुए कहा गया है कि उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व में देशभर से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। नागदा, दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर स्थित प्रदेश के प्रमुख जंक्शनों में शामिल है, जहां राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों से बड़ी संख्या में यात्री पहुंचते हैं और नागदा से उज्जैन के लिए आगे प्रस्थान करते हैं। ऐसे में यदि रेलवे स्टेशन तक पहुंचने वाले वैकल्पिक मार्गों को अभी से सुचारु नहीं किया गया तो सिंहस्थ के दौरान शहर में गंभीर यातायात अव्यवस्था और चक्का जाम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पार्षद चौहान ने यह भी कहा कि राजीव कॉलोनी की ओर से रेलवे स्टेशन तक सीधा मार्ग उपलब्ध है।



# संविधान एवं अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए समाज को जागरूक करें-पूर्व विधायक गुर्जर

नागदा जं. निप्र। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जाति विभाग जिला उज्जैन द्वारा नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में नवनियुक्त पदाधिकारियों का पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के निवास पर भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष दिनेश बौद्ध ने पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर की अनुशंसा पर खाचरौद ब्लॉक अध्यक्ष पद पर राधेश्याम सोलंकी केशरिया, खाचरौद शहर अध्यक्ष जगदीश सिलावट, नागदा शहर अध्यक्ष जगदीश मिमरोट, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल चौहान मालाखेड़ी, जिला महासचिव राजू परमार खाचरौद एवं मुकेश मालवीय नागदा, जिला सचिव राकेश डाबी तथा गोगापुर ब्लॉक अध्यक्ष शांतिलाल निम्बोला को नियुक्त किया। नियुक्ति के उपरांत सभी पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग और जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक संविधान में निहित समानता, सामाजिक न्याय तथा समान अवसर के संदेश को पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पूर्व विधायक गुर्जर ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान की मूल भावना को कमजोर करने तथा संविधान में बदलाव का एक छिपा हुआ एजेंडा चला रही है।

एक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु नशे से दूरी है जरूरी :-कलेक्टर श्री मीना

# नशामुक्ति जन जागृति अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलाया जायेगा

**धार। नशीले पदार्थो का सेवन एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो व्यक्ति और परिवार, समाज को गहरे स्तर तक प्रभावित करता है। यह न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालता है बल्की अपराधो में वृद्धि का भी एक प्रमुख कारण है। इस गंभीर समस्या से समाधान और एक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु नशे से दूरी आवश्यक है। उक्त आशय का वक्तव्य पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में चलाये जाने वाले नशामुक्ति जन जागृति अभियान के तैयारियों की नारकोटिक्स की समीक्षा करते हुयें कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने दिया। जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।**



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुसार अभियान पूरे जिले में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक निरंतर चलाया जायेगा। अभियान के दौरान ग्राम पंचायतो के सरपंच सचिवो के साथ-साथ महाविद्यालयो, स्कूल शिक्षा विभाग, समाजिक न्याय विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को निर्धारित गतिविधियो के साथ आम जन मानस को नशीले पदार्थ के सेवन से दूर रखने नशे से होने वाले दुसप्रभाव के बारे में जागरूक किया जायेगा। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए कि अभियान के पहले दिन 15 जुलाई को स्कूलो, कालेजो, शिक्षण संस्थाओ, ग्राम नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, एनसीसी, स्काउट गाईड एवं जन प्रतिनिधियो के साथ नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली का आयोजन करे। उन्होंने जहा जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि वाहनों में बैनर पोस्टर चस्पा कराकर नशे के विरूद्ध लोगो जागरूक करे। सामाजिक न्याय विभाग सर्वजनिक स्थलो पर नुक्कड नाटक का आयोजन करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा ने अभियान को मूर्त रूप देने हेतु प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियो को निर्देश देते हुयें कहा कि जिले अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभाग एवं पुलिस के अधिकारी आपस में समन्यन बनाकर सफल बनाये। उन्होने कहा कि विद्यालयो, महाविद्यालयो में चित्रकाला, निबंध, पेटिंग, स्लोगन, रंगोली पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये। वही गणमान्य व्यक्ति खिलाड़ी और वरिष्ट अधिकारियो के नशे के विरूद्ध रिकार्ड किए जन जागरूकता संदेशो का सर्वजनिक स्थलो में प्रसारित कराये। साथ ही सोसल मीडिया पर भी नशे पिड़ित व्यक्ति द्वारा नशा छोडने के प्रेरक वक्तव्य को प्रसारित कराया जाये। उन्होने कहा कि अभियान के दौरान महिला बाल विकास विभाग के शौर्य दल के सदस्य, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम नगर सुरक्षा समिति के सदस्यो की भागीदारी सुनिश्चित कर अभियान को सफल बनाये। बैठक में बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। 15 दिवसीय इस कार्यक्रम में शामिल हैं। मादक पदार्थों पर सख्ती से अवैध नशे के कारोबार और मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। विश्वविद्यालयों, स्कूलों, और सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, रील निर्माण, और जनसंवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभिन्न विभागों, सामाजिक संगठनों, और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित कर इसे एक जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा।